आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 18.05.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्र सरकार ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में विभिन्न देशों में जा रहे सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल आतंकवाद के सभी प्रारूपों और अभिव्यक्तियों से निपटने में भारत की दृढ़ इच्छा शक्ति को प्रदर्शित करेंगे।
- औषधि नियमन प्रणाली को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने और अधिकारियों की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से देहरादून में एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।
- चमोली जिले की वार्षिक जिला योजना के लिये 74 करोड़ 28 लाख रुपये का अनुमोदन, स्वरोजगार पर खर्च किये जाएंगे लगभग ग्यारह करोड़।
- देहरादून में विकास कार्यों के लिये सड़कों पर की जा रही खुदाई और मलबा निस्तारण के कार्य पन्द्रह जून से पहले पूरा करने के निर्देश।

## सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

केंद्र सरकार ऑपरेशन सिंदूर के संदर्भ में पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के विरूद्ध भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत करने के लिए विभिन्न देशों में सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेज रही है। ये प्रतिनिधिमंडल इस महीने में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्यों और अन्य प्रमुख देशों की यात्रा पर जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में विभिन्न राजनीतिक दलों के सांसद, प्रमुख राजनेता और प्रबुद्ध राजनयिक शामिल होंगे।

## राज्यस्तरीय कार्यशाला

औषधि नियमन प्रणाली को तकनीकी रूप से सुदृढ़ करने और अधिकारियों की दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से देहरादून स्थित खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन कार्यालय में एक दिवसीय राज्यस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई।

इस अवसर पर स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि दवाओं की गुणवत्ता का संबंध न केवल स्वास्थ्य से, बल्कि जनविश्वास से भी है। बाजार में उपलब्ध हर दवा सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक मानकों के अनुरूप हो, यह सुनिश्चित करना नियामक अधिकारियों की ज़िम्मेदारी है। इसके लिए उन्हें लगातार प्रशिक्षण देने और तकनीकी रूप से सशक्त करने की आवश्यकता है।

अपर आयुक्त, खाद्य एवं औषधि, ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि उत्तराखण्ड में औषधि नियंत्रण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, उत्तरदायी और तकनीकी रूप से सक्षम बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने विभाग, उद्योग और विशेषज्ञों के बीच समन्वय को इस दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

## टेंडर प्रक्रिया

देहरादून स्थित आईएसबीटी परिसर की दुकानों, रेस्टोरेंट्स और कियोस्कों की आवंटन प्रक्रिया अब नई टेंडर प्रणाली के तहत और पूरी पारदर्शिता के साथ की जाएगी। मसूरी–देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए), परिसर के सभी कियोस्कों को पारंपरिक पहाड़ी शैली में पुनर्निर्मित करेगा। एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी की अध्यक्षता में कल देहरादून में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष ने बरसात से पहले आईएसबीटी परिसर में जलभराव की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी तय किया गया कि परिसर स्थित मॉल को किराए पर देने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। मॉल में एक इलेक्ट्रिक बस चार्जिंग स्टेशन स्थापित किया जा चुका है और परिसर में अन्य स्थानों पर भी ई–चार्जिंग प्वाइंट लगाने की योजना है।

## लोकार्पण

चमोली जिले के पीएमश्री राजकीय इंटर कॉलेज ग्वाड–देवलधार में उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने एक करोड़ 36 लाख रुपये की लागत से बने नए भवन का लोकार्पण किया।

डॉक्टर रावत ने बताया कि राज्य के प्रत्येक विकासखंड से तीन–तीन पीएमश्री विद्यालयों का चयन किया गया है, जिनमें आधुनिक सुविधांए उपलब्ध रहेंगी। जुलाई तक इन विद्यालयों में बैंड, ढोल–दमाऊ, मसकबीन और फर्नीचर उपलब्ध करा दिए जाएंगे ताकि छात्र–छात्राएं सांस्कृतिक गतिविधियों में भी भाग ले सकें।

उन्होंने कहा कि राज्य में 10 हजार नए एनसीसी कैडेट भर्ती किए जाएंगे और शिक्षकों के रिक्त पदों पर भी जल्द नियुक्ति की जाएगी। कक्षा 9 में प्रवेश लेने वाली छात्राओं को साइकिल के लिए 2 हजार 850 रुपये दिए जाएंगे। इसके अलावा छात्र–छात्राओं को कॉपी, किताबें, जूते और यूनिफॉर्म मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी। परीक्षा में 70 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाली छात्राओं की माताओं को एक हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## वार्षिक जिला योजना अनुमोदन–चमोली

चमोली जिले की वार्षिक जिला योजना के लिये 74 करोड़ 28 लाख रुपये का अनुमोदन कर दिया गया है, जिससे जिले में विकास कार्यों को गति मिलेगी। कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए यह राशि स्वीकृत की गई। इस बार की योजना में 53 प्रतिशत बजट नए कार्यों, 30 प्रतिशत वचनबद्ध व मानदेय और 15 फीसदी बजट स्वरोजगार के लिए रखा गया है।

डॉक्टर रावत ने इस दौरान विभागवार योजनाओं की समीक्षा की और कहा कि पिछला वर्ष जिले के लिए उपलब्धियों भरा रहा। बैठक में निर्धन और अनाथ बच्चों के लिए छात्रावास बनाने, खेल कैलेंडर तैयार करने, रुद्रनाथ यात्रा मार्ग पर मेडिकल रिलीफ पोस्ट स्थापित करने, जोशीमठ अस्पताल निर्माण में तेजी लाने और थराली व पोखरी के स्वास्थ्य केंद्रों को उच्चीकृत करने के निर्देश दिए गए।

इस दौरान जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने बताया कि जिले में मॉडल स्कूल, ई–लाइब्रेरी, टनल फार्मिंग, मशरूम व कीवी उत्पादन जैसे नवाचारी कार्य किए गए हैं।

**<u>सड़क सुरक्षा</u>**

देहरादून जिले में सड़कों पर चल रहे विकास कार्यों को लेकर जिलाधिकारी सविन बंसल ने सख्त रुख अपनाया है। उन्होंने साफ निर्देश दिए हैं कि 15 जून से पहले सभी विभाग अपने कार्य पूरे करें और सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिन स्थानों पर काम चल रहा है, वहां खुला गड्ढा, फैला मलबा या खुली तारें मिलीं तो संबंधित विभाग के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा और कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई के साथ प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है।

उन्होंने विभागों को हिदायत दी कि विभागीय अधिकारी स्वयं कार्यों की निगरानी करें, न कि सिर्फ ठेकेदार को काम सौंपें। उन्होंने हर काम में पर्याप्त मैनपावर और मशीनरी लगाकर तय समय में काम पूरा करने के निर्देश दिये हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक ही सुरक्षा मानकों के पालन के साथ सड़कों पर खुदाई की अनुमति होगी। काम के दौरान बेरिकेडिंग, सुरक्षा इंतजाम और कार्य पूरा होने के तुरंत बाद मलबे की साफ–सफाई सुनिश्चित की जाएगी।

<u>गिरफ्तारी</u>

सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 30 लाख 70 हजार रुपये की ठगी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के पांचवें सदस्य को पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पौड़ी पुलिस ने 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। इस मामले में अब तक गैंग के लीडर समेत कुल पांच आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि 8 सितंबर 2024 को कोटद्वार निवासी एक युवक ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे रेलवे में नौकरी दिलाने के नाम पर फर्जी नियुक्ति पत्र और आई कार्ड देकर 30 लाख सत्तर हजार रुपये ठग लिए गए।

<u>त्रिशूल पार्क</u>

पौड़ी शहर में अब एक नया आकर्षण जुड़ने जा रहा है। जिला मुख्यालय के पास पूल्ड हाउस के समीप ''त्रिशूल पार्क'' का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इस पार्क में 56 फीट ऊंचा और 11 दशमलव 5 टन वजनी पीतल का भव्य त्रिशूल स्थापित किया गया है। यह परियोजना लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से तैयार की जा रही है।

हिमालय दर्शन के लिए प्रसिद्ध पौड़ी से केदारनाथ और मेरु चोटी सहित कई बर्फीली चोटियों का सुंदर दृश्य दिखाई देता है। त्रिशूल पार्क खुलने के बाद यह स्थान धार्मिक और प्राकृतिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र बनेगा।

**और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——**

भारत में पाकिस्तान के लिये जासूरी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा से जुड़ी ख़बरें आज सभी समाचार पत्रों में प्रकाशित हैं।

राष्ट्रीय सहारा का शीर्षक है– यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा जासूसी में गिरफ्तार, नवोदय टाइम्स की ख़बर है– दो बार पाकिस्तान जा चुकी यूट्यूबर। वहीं, अमर उजाला लिखता है– एक बार फिर भारत में पाक के लिए जासूसी कर रहे लोगों को पकड़ा गया है....अमर उजाला की खबर के अनुसार पाकिस्तान के लिए जासूसी के आरोप में चर्चित यूट्यूबर समेत दो और गिरफ्तार किये गए हैं।

केदारनाथ में हेली एंबुलेंस की दुर्घटना की ख़बर पर दैनिक जागरण का शीर्षक है– केदारनाथ में हेली एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त, सभी सुरक्षित, एम्स ऋषिकेश से बीमार तीर्थयात्रियों को लेने जा रहा थी हेली एंबुलेंस। अमर उजाला लिखता है– केदारनाथ में हेली एंबुलेंस की आपात लैंडिंग..पायलट की सूझबूझ से सभी सुरक्षित।

पाकिस्तान को बेनकाब करने अमेरिका, पनामा जाएंगे थरुर तो ब्रिटेन, फ्रांस रविशंकर। इसी शीर्षक के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र का शीर्षक है– पाकिस्तान की पोल खोलने के लिए बनी टीम में नाम पर घमासान... थरुर पर सरकार और कांग्रेस के बीच तकरार। राष्ट्रीय सहारा लिखता है– पाक को बेनकाब करेंगी 7 टीमें।

प्रदेश में जुलाई में होंगे पंचायत चुनाव, दैनिक जागरण समाचार पत्र की ख़बर है। सामचार पत्र के अनुसार राज्य सरकार, हाईकोर्ट में शपथ पत्र देने के बाद तैयारियों में जुटी है।